प्रेस नोट

साइबर क्राइम थाना जनपद हमीरपुर **दिनांक 07.06.2024**

<u>साइबर क्राइम थाना द्वारा 15 आवेदकों के ऑनलाइन फ्रॉड का 08,44,103/- रुपया वापस करवाया गया</u>

अवगत कराना है कि आये दिन साइबर अपराधियों द्वारा आम जनता को भ्रमित कर उनके बैंक खाते एवं क्रडिट कार्ड आदि से जुडी गोपनीय जानकारी अर्जित कर यूपीआई व अन्य के माध्यम से साइबर फ्रॉड / धोखाधडी की जा रही है। उक्त के संदर्भ मे पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु साइबर क्राइम थाना हमीरपुर द्वारा निरन्तर अभियान चला कर कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में साइबर क्राइम थाना हमीरपुर द्वारा आवेदक श्री रामकृपाल पुत्र ख्याली निवासी ग्राम सिजनौडा, थाना मौदहा, जनपद हमीरपुर द्वारा प्रार्थना पत्र व संबंधित रिकॉर्ड प्राप्त कर तत्परता से कार्यवाही करते हुए ₹4,87,287/- व अन्य 14 आवेदकों के ₹3,56,816/-, सम्पूर्ण धनराशि **₹8,44,103/-** आवेदकों के बैंक खातों में वापस करवाई गई। अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

बरामदगी कराने वाली टीमः-

1) प्र0 निरी0 जयशंकर सिंह
2) उ0नि0 विजय सिंह
3) उ0नि0 अभिषेक सिंह
4) मु0आ0 कमलकान्त यादव
5) आ0 चन्द्रभवन दिवाकर
6) आ0 राजदीप सिंह
7) आ0 राहुल कुमार